

## एक नजर में

### जिला तैराकी संघ के नेतृत्व में 18 जनवरी को तैराकी प्रतियोगिता

**नीमच।** जिला तैराकी संघ के नेतृत्व में खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी (रविवार) को नीमच नगरपालिका स्वीमिंग पूल पर किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला तैराकी संघ द्वारा खेल विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष अशोक मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली तैराकों का चयन किया जाएगा, जिन्हें आगामी 27 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाली खेलो एमपी यूथ गेम्स की प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन हेतु खिलाड़ी नीमच नगरपालिका स्वीमिंग पूल के प्रशिक्षक अभिषेक अहीर, आयुष गौड़, नीलेश घावरी, रोहित अहीर एवं सुधा सोलंकी से संपर्क कर सकते हैं। जिला तैराकी संघ द्वारा जिले की तीनों तहसीलों के लिए ब्लॉक अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं। तीनों ब्लॉक के तैराकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर समन्वय एवं मार्गदर्शन के लिए नीमच ब्लॉक से दिलीप डूंगरवाल, जावद ब्लॉक से भारत जाट एवं मनासा ब्लॉक से राजेश वर्मा से संपर्क कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जाएगी। प्रत्येक खिलाड़ी को पांच व्यक्तिगत इवेंट्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला तैराकी संघ द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। जिला तैराकी संघ ने जिले के सभी पात्र एवं पंजीकृत तैराकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने तथा नीमच जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित करने की अपील की है।

### जीरन की धार्मिक नगरी में गूंजेगी 'नानी बाई रो मायरा' की कथा, आज से भव्य आयोजन

**नीमच।** धर्मनगरी जीरन में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम होने जा रहा है। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 11 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक सुप्रसिद्ध 'नानी बाई रो मायरा' कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राजस्थानी भाषा में होने वाली इस संगीतमय कथा का रसपान सुप्रसिद्ध कथावाचक संत श्री चन्द्रदेवजी महाराज कराएंगे।कलश यात्रा से होगा शुभारंभ- कार्यक्रम का शुभारंभ आज रविवार को सुबह 9:00 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुँचेगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु शामिल होंगे। कथा का समय प्रतिदिन प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक रहेगा कथा दशहरा मैदान जीरन पर होगी। कथा के दौरान विशेष 'मायरा प्रसंग' 15 जनवरी को दोपहर 1:00 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें कुं. विश्वजीत सिंह भाटी, ठा.सा. लक्ष्मणसिंह भाटी परिवार सहित बड़े ही धूमधाम से आकर्षक झांकी के साथ मायरा भात लेकर पहुंचेंगे। भगवान श्री कृष्ण द्वारा अपने अनन्य भक्त नरसिंह मेहता की पुत्री नानी बाई का मायरा (भात) भरने की यह कथा राजस्थानी लोक संस्कृति और भक्ति का एक अद्भुत उदाहरण है। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी सज्जनों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

### सांसद सुधीर गुप्ता और समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर ने प्रदेश के खिलाड़ियों को किया सम्मानित,

**नीमच।** कश्मीरी लाल जी अरोरा की स्मृति में 5 दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया।शुक्रवार को लायन्स डेन गोमाबाई रोड पर फाइनल मैच के बाद सम्मान समारोह में सांसद सुधीर गुप्ता और समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर,नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया! फाइनल मुक़ाबला इंदौर धार और उज्जैन के बीच खिलाड़ी के बीच खेला गया, 5 दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 135 खिलाड़ियों ने भाग लिया!इस अवसर पर अशोक अरोरा द्वारा सांसद सुधीर गुप्ता एवं अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि बैडमिंटन के खेल में एकाग्रता महत्वपूर्ण होती है जो खिलाड़ी विजेता रहे हैं वे आगे की प्रतियोगिताओं के लिए अभ्यास करेंगे और जो खिलाड़ी उपविजेता रहे हैं वह अगली प्रतियोगिता में विजेता बनने के लिए अपने खेल की कमियों को दूर कर और कठिन अभ्यास कर अगली प्रतियोगिताओं में जीत के लिए परिश्रम करेंगे। खेल में टीम भावना सफलता का परिचायक होती है। खेल जीवन में अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेले और सफलता प्राप्त करें।इस अवसर पर खिलाड़ियों का प्रोत्साहन के लिए सम्मान किया गया जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुल अशोक अरोरा गंगानगर के नेतृत्व में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय कश्मीरी लाल जी अरोड़ा की स्मृति में हर साल बैडमिटंन की प्रतियोगिता आयोजित होती है इस वर्ष भी5 जनवरी को प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ था, 9 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे हैं।प्रतियोगिता के फाइनल संपन्न महिला डबल्स अवनी यादव इंदौर एवं गौरी वशिष्ठ एमपी बीए शिवानी चौधरी धार ओजस्वी इंदौर को हराया। मिक्स्ड डबल्स मोहम्मद शेख इंदौर एवं शिवानी चौधरी धार ने यश रायकवार धार भूमिका वर्मा उज्जैन को16-21, 21-13,21-19 से परास्त किया अन्य फाइनल पुरुष एकल में अमित राठौर एवं गौरव परमार के बीच मैच हुआ अमित राठौर पांव में खिंचाव आने की वजह से मैच 14-2 पर गेम छोड़ दिया महिला एकल में आस्था शर्मा ने उलट फेर करते हुए तीन गेम में भूमिका वर्मा उज्जैन को 10- 21 21- 13 और 21 -17 से हराया डबल पुरुष संजय ठाकुर व यश रायकवार ने अमन रायकवार धार व गौरव परमार इंदौर को 19-21, 21-14, 21-10 से हराया।

### पेयजल सप्लाय के समय वाल मेन व प्लम्बरों को वार्ड में भ्रमण करना चाहिए : इष्टा भाचावत



**मंदसौर।** पेयजल को लेकर इंदौर में भीषण त्रासदी हुई ऐसी समस्या मंदसौर शहर में न हो इसलिए शहर में जब भी पेयजल की सप्लाई हो उस समय पर वाल खोलने वाला व क्षेत्रीय प्लम्बर अपने - अपने वार्ड में भ्रमण करें। उक्त मांग शहर ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने कलेक्टर अदिति गर्ग व प्रभारी सीएमओ अनिता चोकोटिया से प्रेस नोट के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि शहर में जब पेयजल की सप्लाई होती है कई जगहों पर पाइप फूटी होने व लीकेज होने से कम प्रेशर एवं गन्दे पानी आदि की कई समस्याओं का पता लगाया जा सकता है क्षेत्र नागरिकों से लगातार संवाद कर इस प्रकार छोटी - छोटी समस्या का तत्काल पता लगाकर उसका समाधान किया जा सकता है। सुश्री भाचावत ने आगे कहा कि नगर के गौल चौराहा में डॉ. पमनानी गली के अंत दवा बाजार की तरफ पिछले एक महीने से पेयजल सप्लाय की पाइप लाइन फूटी सप्लाय के समय पानी व्यर्थ बहता रहता है लेकिन अब तक नपा द्वारा उसकी सुध नहीं ली गई है ऐसी कई समस्यां कई वार्डो में है। इसलिए वाल मेन व प्लम्बर को नपा निर्देशित करें कि पेयजल के समय अपने - अपने क्षेत्र में भ्रमण भी करे और सतत मॉनिटरिंग करें और क ही भी कुछ गलत दिखने पर अपने उच्च अधिकारियों को तत्काल सुचित करे।

# जगतगुरू रामानंदाचार्य महोत्सव में उमड़ा वैष्णव समाज

▸ पुजारी किसी के गुलाम नहीं, उन्हें उनका हक मिलना चाहिए- महामंडलेश्वर रामेश्वर दास महाराज




**मन्दसौर। दशपुर वैष्णव बैरागी सांस्कृतिक सेवा समिति के तत्वाधान में जगतगुरु रामानंदाचार्य महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक उत्साह को दर्शाया, बल्कि सामाजिक एकता और समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प भी दोहराया।**

महोत्सव का शुभारंभ समाज के आराध्य देव जगतगुरु रामानंदाचार्य जी एवं धर्म ध्वज (निशान) के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात नगर में एक विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें ढोल-धमाकों, बैंड-बाजे और बग्घियों के साथ समाजजन जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर नृत्य करते हुए शामिल हुईं, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया।

संजय गांधी उद्यान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में द्वारकाधीश पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामेश्वरदास जी महाराज एवं संत श्री श्वासनंद जी महाराज (बढ़िया खेड़ी) के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलन व महाआरती हुई। सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

स्वागत भाषण देते हुए अजय बैरागी ने बताया कि जिले में यह पहली पंजीकृत समिति है। उन्होंने गौरव के साथ उल्लेख किया कि मंदसौर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब दो राष्ट्रीय संगठन और एक प्रादेशिक संगठन के तीनों प्रदेश अध्यक्ष एक ही मंच पर उपस्थित रहे, जो सामाजिक एकजुटता का अनुपम उदाहरण है।

समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश दिवाकर एवं अन्य पदाधिकारियों ने समाज के समक्ष मंदसौर में एक भव्य गुरुकुल और समाज भवन निर्माण की रूपरेखा रखी। इस पहल का समर्थन करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला ने कहा, वैष्णव समाज सदैव सनातन धर्म की रक्षा हेतु अग्रणी रहा है। गुरुकुल निर्माण के पुनीत कार्य में मैं तन-मन-धन से समाज के साथ खड़ा हूँ।ष् उन्होंने अपील की कि अगली जयंती समाज की अपनी भूमि पर मनाई जाए।

बर्ड़ियाखेड़ी से पधारे संत श्री ने रामानंदाचार्य जी के जीवन और गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, महामंडलेश्वर श्री रामेश्वरदासजी महाराज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने शासन से मांग करते हुए कहा कि, 'पुजारी किसी का गुलाम नहीं है। कलेक्टर के अधीन मंदिरों की भूमि से कलेक्टर (प्रबंधक) का नाम हटाकर पुजारी का नाम खाते में जोड़ा जाना चाहिए।' उन्होंने गुरुकुल हेतु सदैव सहयोग का आश्वासन दिया।

समाज भवन के संकल्प को साकार करने के लिए उपस्थित भामाशाहों ने बढ़-चढ़कर दान राशि की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक रामावत ने किया एवं आभार सचिव विनोद बैरागी ने व्यक्त किया। अंत में समस्त समाजजनों ने सामूहिक भोज (प्रसादी) ग्रहण की।

## डॉ प्रमोद सेठिया दो राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

### राष्ट्रीय लोक शिल्पी सम्मान 2026 एवं श्री हरिनाथ दुबे स्मृति साहित्य सम्मान 2025 से अलंकृत हुए

मन्दसौर। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट में शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह मे डाइट मन्दसौर के डॉ प्रमोद सेठिया को बाल केन्द्रित शिक्षा मे प्रेरणादायक साहित्यिक योगदान के लिए दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

डॉ. सेठिया को श्री दीनदयाल फाउंडेशन राजपुर वाराणसी द्वारा साहित्य क्षेत्र अमूल्य योगदान एवं विशिष्ठ सर्जना के लिए श्री हरिनाथ दुबे स्मृति साहित्य सम्मान 2025 दिया गया। वहीं शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा विद्यालय बने आनन्द घर की संकल्पना के साथ आनन्दमय समाज की स्थापना मे अमूल्य सहयोग के लिए राष्ट्रीय लोक शिल्पी सम्मान 2026 प्रदान किया गया।

डाइट मन्दसौर के डॉ प्रमोद सेठिया विगत दस साल से गिजुभाई बधेका के शैक्षिक दर्शन व बाल केन्द्रित शिक्षा के लिए साहित्य लेखन व लोक जागरण के साथ ही नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन मे गिजुभाई बधेका के विचारों के अनुरूप भयमुक्त आनन्दमय खेल खेल मे शिक्षा के बाल केन्द्रित दृष्टिकोण पर राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहे है।

डॉ प्रमोद सेठिया की इस उपलब्धि पर राजपत्रित अधिकारी संघ, संयुक्त अधिकारी कर्मचारी मोर्चा, विज्ञान भारती, अभा साहित्य परिषद, प्रो राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के साथियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## मैत्री और सेवा के संकल्प के साथ मनाया इनरव्हील का स्थापना दिवस

**मंदसौर। विश्व की प्रतिष्ठित महिला सेवा संस्था इनरव्हील क्लब का स्थापना दिवस 10 जनवरी को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 में मनाया गया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब मंदसौर की सदस्यों ने समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।**



कार्यक्रम की शुरुआत इनरव्हील ध्वज वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि इनर व्हील की स्थापना 10 जनवरी 1924 को हुई थी और तब से यह संस्था 'मैत्री, सेवा और व्यक्तिगत विकास' के मूल मंत्र के साथ निरंतर समाज हित में कार्य कर रही है।

इस अवसर पर क्लब द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया तथा भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। सदस्यों ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और और इनरव्हील ब्रांडिंग की थैलियां एडिटर किरण भामावत परिवार द्वारा बनवाकर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में वितरित की गई।

कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याएं एवं स्कूल स्टाफ बीनू कीमती, विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह पुरावत आदि उपस्थित रहे। स्वागत श्रीमती साधना श्रीवास्तव, श्रीमती पुष्पेन्द्र चौहान, श्रीमती मंगोलिया, श्रीमती रीना पाटीदार, श्रीमती अर्चना गौड़ आदि ने किया। इनर व्हील प्रार्थना सचिव रचना दोषी द्वारा प्रस्तुत की गई। आभार प्रदर्शन श्रीमती हंसा दुबे ने किया।

## 7 प्रखंड से 32 मातृशक्ति ने प्रशिक्षण वर्ग प्राप्त किया

नीमम। जिला से पहली बार 7 प्रखंड से 32 मातृशक्तियों ने प्रथम संख्यात्मक एवं गुणात्मक शीतकालीन विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत प्रशिक्षण वर्ग 2 से 4 दिसंबर तक मांडव जिला धार में किया।विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति जिला नीमच से पहली बार 32 मातृशक्तियों ने मालवा प्रांत का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग जिला संयोजिका श्रीमती सुनीता चौधरी, जिला सहसंयोजीका श्रीमती उर्वशी रावत शाह के नेतृत्व में किया। विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला, अध्यक्ष शैलेन्द्र गर्ग, जिला मंत्री कैलाश मालवीय के सहयोग से मातृशक्ति वर्ग में सहभागी बनी।धार जिले के मांडव के चतुर्भुज श्री राम मंदिर में परम पूज्य संत डॉ नरसिंह दास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। मालवा प्रांत के 29 में से 23 जिले, 200 में से 43 प्रखंड से 203 शिक्षार्थी एवं 26 शिक्षिका कुल मिलाकर '229' मातृशक्ति उपस्थिति रही। विभिन्न सत्र में अपनी पूर्ण निष्ठा व अनुशासन का पालन कर सभी बहनों ने वर्ग के महत्व को समझा। वर्ग के दौरान परम पूज्य संत श्री डॉक्टर नरसिंह दास महाराज के आशीष वचन( वर्तमान समय में मातृ शक्ति की भूमिका)विषय पर सभी बहनों को प्राप्त हुए। केंद्रीय अधिकारी के रूप में मातृशक्ति की केंद्रीय सह संयोजिका सरोज दीदी सोनी द्वारा विश्व हिंदू परिषद एवं मातृशक्ति की स्थापना एवं उद्देश्य की उपयोगिता विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।प्रांत उपाध्यक्ष डॉ माला सिंह ठाकुर दीदी द्वारा समापन सत्र में राष्ट्र निर्माण में महिला की सहभागिता विषय पर बौद्धिक दिया। प्रांत अधिकारी के रूप में प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव भाई साहब वर्ग में रहे। मातृशक्ति प्रांत पालक के रूप में पूरे समय वर्ग में प्रांत मंत्री विनोद शर्मा भाई साहब का सानिध्य हमे मिला आपके द्वारा उद्घाटन सत्र में वर्ग की महत्ता विषय पर बहनों को मार्ग दर्शन मिला। सत्संग बाल,संस्कार केंद्र एवं सेवा कार्य मातृशक्ति में कैसे बड़े इस हेतु 3 कृति सत्र किए गए। प्रतिदिन जानकारी( अच्छे कार्यकर्ता के गुण आरती अजय जायसवाल), चर्चा (विश्व हिंदू परिषद के वार्षिक कार्यक्रम एवं छोटे-छोटे सेवा कार्य), अभ्यास( ज्योति प्रिया शर्मा दीदी आचार पद्धति) सत्र के माध्यम से संगठन की रीति नीति बहनों को बताई। वर्ग के दौरान प्रातः स्मरण से लेकर दीप निर्वाण तक सभी बहनों की पूर्ण सहभागिता रहती थी। संघ स्थान पर बहनों को दंड का प्रशिक्षण दिया गया। वर्ग संचालन टोली में शिव कुमारी श्रीमाली,वैजयंती दीक्षित,दीपमाला कच्छावा,संध्या सोनी, प्रेमलता परमार, मनीषा पांडे ने वर्ग सम्हाला। व्यवस्था प्रमुख के रूप में नम्रता बैरागी, अंजना राजावत, गायत्री वर्मा,सुनीता चौधरी,उर्वशी शाह,दीपिका मंडलोई ,रश्मि जोशी,अनीता गौड़,रेणुका चौधरी,तुलसा प्रजापत, सविता ओहरी रही

वर्ग समापन पर सभी बहनों को मांडव दर्शन करवाया गया। परम पूज्य संत डॉ नरसिंह दास महाराज के आशीर्वाद के साथ वर्ग को संपन्न कराने में लगे सभी सहयोगियों का मातृशक्ति मालवा प्रांत की ओर से सम्मानित किया गया।

## स्वामी विवेकानंद बस्ती में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**नीमच। समस्त हिन्दू समाज विवेकानंद बस्ती इंदिरा नगर क्षेत्र के तत्वावधान में आज रविवार को भव्य हिन्दू संगम, शोभायात्रा, धर्मसभा एवं समरसता प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कॉलोनी, मोहल्लों, धार्मिक स्थलों आदि जगह पहुंचकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।1300 घरों में पहुंच पीले चावल और निमंत्रण पत्र**

विवेकानंद बस्ती हिन्दू सम्मेलन के संयोजक शैलेष जोशी, सहसंयोजक रामेश्वर परमार, दिनेश मनावत ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समस्त हिन्दू समाज में नई चेतना एवं ऊर्जा का संचार करते हुए समरस भारत-समर्थ भारत के उद्देश्य से देशभर में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों की कड़ी में स्वामी विवेकानंद बस्ती में भी आज रविवार को भव्य हिन्दू संगम का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद बस्ती इंदिरा नगर क्षेत्र में निवासरत समस्त हिन्दू परिवारों को पीले चावल एवं निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया है। हिन्दू सम्मेलन में इंदिरा नगर में निवासरत करीब 1300 हिन्दू परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक परिवार से एक रुपए अथवा एक मुटी अनाज के सहयोग का आह्वान करते हुए संग्रहण कार्य किया गया। इसमें सभी परिवारों ने स्वेच्छा से अपना अमूल्य सहयोग इस भव्य हिन्दू सम्मेलन हेतु प्रदान किया गया है। हिंदू सम्मेलन को दिव्यता प्रदान करने के लिए स्वामी विवेकानंद बस्ती के प्रत्येक मंदिर पर क्रमशः ध्वजा यात्रा एवं संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। इसमें भगवा धर्म ध्वजा का पूजन करते हुए संकीर्तन भजन भ्रमण किया गया।

### पंद्रह मंदिरों से आएगी शोभायात्रा में धर्म ध्वजाएं

हिंदू संगम में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में इंदिरा नगर के विस्तारेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, बाल हनुमान मंदिर, शनि मंदिर, नागेवर मंदिर, कालका माता मंदिर, कपीश्वर मंदिर, त्रयंबकेश्वर मंदिर, गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर, प्रज्ञेश्वर मंदिर, जैन मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर, महाकाल भेरू बाबा मंदिर इंदिरा नगर चौराहा सहित पंद्रह मंदिरों से धर्म ध्वजाएं श्रद्धालुओं द्वारा ढोल धमाकों, भजन कीर्तन और जयकारों के साथ कार्यक्रम स्थल बैरिस्टर उमाशंकर त्रिवेदी मांगलिक भवन पहुंचेगी। जहां सर्वसमाजजनों द्वारा उक्त ध्वजाओं का पूजन किया जाएगा। इसके बाद प्रात: 9 बजे शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो मांगलिक भवन से दीनदयाल वाटिका होते हुए एसएल क्वाटरर्स से संकटमोचन हनुमान होते हुए भगवानपुरा चौराहा में से पुन: कार्यक्रम स्थल मांगलिक भवन पहुंचेगी। शोभायात्रा में भारत माता का दिव्य रथ रहेगा। इसमे बच्चों द्वारा भारतमाता की झांकी सहित राष्ट्र नायकों की वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा को ओर भी दिव्यता एवं भव्यता प्रदान की जाएगी।

**एक नजर** | मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म- अध्यक्ष श्री कच्छारा

## जैन सोशल ग्रुप मेन ने अपना घर के बच्चों को कराया भोजन, बांटे मोजे

**मन्दसौर। जैन सोशल ग्रुप मंदसौर 'मेन' के तत्वावधान में मानवता और सेवा की भावना को चरितार्थ करते हुए अपना घर में विशेष आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रुप सदस्य श्री नरेंद्र कुमार मारू की पूजनीय माता जी स्व. श्रीमती शांताबाई बापूलाल जी मारू'' की पावन स्मृति में संपन्न हुआ।**




इस अवसर पर स्थानीय अपना घर के बच्चों के लिए मिठाई व नमकीन के साथ स्नेह भोज का आयोजन किया गया। साथ ही, कड़ाके की ठंड को देखते हुए बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए मोजों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रुप अध्यक्ष कमल कच्छारा ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जैन सोशल ग्रुप हमेशा से सामाजिक सरोकारों और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहा है। स्व. श्रीमती शांताबाई मारू की स्मृति में आज बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान हमने देखी है, वही हमारी सच्ची सार्थकता है। सर्दी के इस मौसम में छोटे बच्चों को सुरक्षा देना हमारा दायित्व है। मारू परिवार का यह कदम समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी है कि वे अपने पूर्वजों की स्मृति को सेवा कार्यों के माध्यम से जीवित रखें।

कार्यक्रम में मारू परिवार की ओर से श्री अजीत मारू, श्री नरेंद्र मारू एवं श्रीमती शशि मारू उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर माताजी की स्मृति को नमन किया।

कार्यक्रम में अपना घर संस्थापक राव विजयसिंह, जैन सोश्यल ग्रुप के जॉन कोऑर्डिनेटर संजय जैन श्वेता, उपाध्यक्ष पवन जैन एवं सुभाष भंडारी सहित ग्रुप के अनेक सदस्य इस सेवा कार्य के साक्षी बने। कार्यक्रम का संचालन जॉन कोऑर्डिनेटर संजय श्वेता ने किया। आभार क्लब सचिव अशोक कर्णावट ने माना।

### प्रशासन ने पीएम श्री हाई स्कूल बघूनिया की 1.92 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया

मंदसौर। गरोठ एसडीएम राहुल चौहान द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा तहसील शामगढ़ स्थित पीएम श्री हाई स्कूल बघूनिया को आबंटित कुल 1.92 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर शिक्षा विभाग को मौके पर विधिवत कब्जा सौंपा गया। उक्त अतिक्रमित भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपये आंका गया है। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरोठ की उपस्थिति में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त सहयोग से शांतिपूर्वक संपन्न की गई।

### मन्दसौर में होगा खेलों एम पी यूथ गेम्स का आयोजन : खेल अधिकारी देवड़ा

**मंदसौर।** जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त दिशानिर्देशानुसार 28 खेलों का आयोजन राज्यस्तर पर होगा, इन खेलों की टीम का चयन विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर पर होगा, जिलास्तर से चयनित कुछ खेल संभागस्तर और कुछ खेल सीधे राज्यस्तर पर आयोजित होंगे। ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले खेल इस प्रकार हैं, 1/ एथलेटिक्स, 2/ खो-खो, 3/ वॉलीबॉल, 4/ कबड्डी, 5/ रस्साकसी, 6/ फुटबॉल, 7/ क्रिकेट, 8/ योग, 9/ पिट्ठू, 10/ शतरंज। विकास खण्ड स्तर पर निम्न दिनांक में आयोजित होंगे। 1/ भानपुरा विकासखण्ड - 12 जनवरी 2026 - कमलासक्लेचा स्कूल भानपुरा 2/ गरोठ विकासखण्ड - 13 जनवरी - खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम, गरोठ 3/ मल्हारगढ़ - 15 जनवरी - इंडोर स्टेडियम, नारायणगढ़, एवं शा. बालक उ. मा. विधालय पिपलियामंडी का खेल मैदान (क्रिकेट, फुटबॉल) 4/ सीतामऊ - 15 जनवरी - श्री राम उत्कृष्ट विधालय, सीतामऊ खेल मैदान।